हरिभूमि

# सिरसा-फतेहाबाद भूमि

रोहतक, सोमवार, 8 जनवरी 2024

11 बेखौफ घूम रहे अपराधी, नाकों पर चालान काटने तक...



12 अब शहरी क्षेत्रों में शुरू होगी विकसित भारत संकल्प यात्रा



## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों को दिखाई गई फिल्म '12वीं फेल'

**फतेहाबाद।** मनोहर मेमोरियल शिक्षण महाविद्यालय फतेहाबाद में सांस्कृतिक कमेटी की ओर से एक शैक्षणिक फिल्म '12वीं फेल' दिखाई गई। विद्यार्थियों को यह फिल्म दिखाने का उद्देश्य बच्चों को सिखाना था कि किस प्रकार जीवन में आने वाले संघर्ष और उस पर जीत हासिल की जाए और हमेशा जीवन में सीखते रहना चाहिए। महाविद्यालय की प्रचार्या डॉ. जनक रानी ने बच्चों को हमेशा जीवन में सकारात्मक रहने की प्रेरणा दी और उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### किसान महासभा की बैठक, कमेटी का गठन

**रतिया।** किसानों की विभिन्न समस्याओं को लेकर किसान महासभा की बैठक हुई जिसमें 21 मेंबरी कमेटी का गठन किया गया। ऑल इंडिया किसान महासभा के राज्य सचिव सुखविंदर सिंह रतिया मौके पर पहुंचे और उनके साथ गुरनाम सिंह संधू भी मौजूद रहे।

### घर से नकदी व आभूषण चोरी, केस दर्ज

**रानियां।** पुलिस को दी शिकायत में मकान मालिक सतीश ग्रोवर निवासी वार्ड नंबर 05 ने बताया कि वह फतेहाबाद में अपने माता-पिता के पास गया हुआ था और पत्नी और बच्चे रिश्तेदार के पास गए हुए थे। उसने बताया कि चोर उसके घर से 3 सोने की अंगूठी, 2 लॉकेट, 3 नोज पिन (नाक के कोके), लगभग 10 हजार नकदी व अन्य जरूरी सामान चुरा ले गए।

### जिले से दो युवतियां लापता, केस दर्ज

**फतेहाबाद।** पुलिस को दी शिकायत में शिवा गली, टोहाना निवासी एक व्यक्ति ने कहा है कि उसकी 21 वर्षीय दत्तक पुत्री शाम को बिना बताए घर से चली गई है। रतिया पुलिस ने गांव सरदारेवाला निवासी एक व्यक्ति की शिकायत पर उसकी 20 वर्षीय पत्नी के लापता होने बारे केस दर्ज किया है। उसकी पत्नी घर से कुछ जेवरात भी अपने साथ ले गई है।

### स्कूल में घुसकर मिड डे मील का राशन चुराया

**फतेहाबाद।** कुलां के सरकारी स्कूल में घुसकर चोर बच्चों के लिए आए मिड डे मील का राशन चोरी कर ले गए। पुलिस को दी शिकायत में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कुलां के प्रिंसीपल राजेश कुमार ने कहा है कि गत दिवस अज्ञात चोर स्कूल परिसर में घुस गए और वहां से मिड डे मील का 3 क्विंटल गेहूं और एक क्विंटल चावल चोरी कर ले गए हैं।

### कार की टक्कर से चिनाई मिस्त्री घायल

**फतेहाबाद।** भट्टूकलां में एक कार ने मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी। इस हादसे में बाइक सवार मिस्त्री घायल हो गया। उसे उपचार के लिए हिसार के निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस को दी शिकायत में गांव गंगवा निवासी छबील दास ने कहा है कि वह चिनाई मिस्त्री का काम करता है। गत दिवस वह बाइक से भट्टूकलां से चौपटा रोड पर पुल पर पहुंचा तो सामने से आ रही एक कार के चालक ने अपनी कार को लापरवाही व तेजगति से चलाते हुए आया और उसके मोटरसाइकिल में टक्कर दे मारी, जिससे वह सड़क पर गिरकर घायल हो गया।

### मॉडल टाउन से मोटरसाइकिल चोरी

**फतेहाबाद।** वाहन चोरों ने फतेहाबाद के मॉडल टाउन से एक मोटरसाइकिल चोरी कर ली। पुलिस को दी शिकायत में वाल्मीकि चौक फतेहाबाद निवासी धीरज ने कहा है कि गत दिवस वह अपने मोटरसाइकिल पर सवार होकर किसी काम से बाजार गया था। मॉडल टाउन स्थित मॉल के बाहर खड़ी बाइक वहां से गायब थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### शीतलहर के कारण धीमी हुई ट्रेनों की रफ्तार, यात्री परेशान

# कोहरे के कारण 26 घंटे देरी से चल रही पातालकोट एक्सप्रेस

- घने कोहरे और शीतलहर के कारण अमृतसर अजमेर एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनें रद



**जाखल।** जाखल रेलवे स्टेशन का दृश्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

उत्तर भारत में घने कोहरे और शीतलहर के कारण यहां आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है, वहीं इसका असर ट्रेनों के परिचालन पर भी पड़ा है। इससे रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों की परेशानी बढ़ गई है। लगातार बढ़ती सर्दी और घने कोहरे के कारण ट्रेनों की रफ्तार धीमी हो गई है। रविवार को यहां कुछ ट्रेन अपने निर्धारित समय से कई घंटे की देरी पश्चात जाखल स्टेशन पर पहुंची, वहीं कोहरे के कारण रेलवे द्वारा कुछ ट्रेन को रद्द किया गया हैं। उत्तर भारत के महत्वपूर्ण जाखल रेलवे स्टेशन से विभिन्न दिशाओं की ओर आवागमन करने वाली आधा दर्जन ट्रेनें जाखल स्टेशन पर काफी देरी से पहुंची। एक तरफ कड़ाके की सर्दी और ऊपर से ट्रेनों की लेटलतीफी ने यात्रियों की मुश्किलें बढ़ा दी है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले कुछ दिन और कड़ाके की सर्दी और कोहरे का क्रम यूं ही जारी रहेगा।

इससे रेल में यात्रा करने वाले यात्रियों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए इस भीषण सर्दी में घंटों तक ट्रेन की प्रतीक्षा करनी पड़ सकती है।आधा दर्जन ट्रेने चल रही लेट जाखल जंक्शन से होकर नई दिल्ली, बठिंडा व अन्य गंतव्यों को जाने वाली राजधानी एक्सप्रेस जैसी कई ट्रेनें रद्द होने के साथ अपने निर्धारित समय से घंटों देरी से चल रही है।

रविवार को जाखल रेलवे स्टेशन से होकर गुजरने वाली गाड़ी संख्या 12481 इंटरसिटी एक्सप्रेस अपने तय समय से डेढ़ घंटा देरी से चल रही है। इसके अलावा गाड़ी संख्या 14623 पातालकोट एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से अपेक्षाकृत 26 घंटे देरी से चल रही हैं। इसके साथ ही 15909 अवध आसाम एक्सप्रेस व 04744 लुधियाना से चुरू जाने वाली ट्रेन भी 2 घंटे से अधिक देरी से चल रही है। यहीं नहीं, मौसम के इस मिजाज को मद्देनजर रखते हुए अमृतसर अजमेर एक्सप्रेस गाड़ी संख्या 19614 को रद्द कर दिया गया है।हाड़ कंपाती सर्दी में परेशान दिखाई दिए यात्री ट्रेनों के अपने निर्धारित समय से घंटों की देरी से चलने के कारण यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रविवार को अपने गंतव्य की ओर जाने के लिए जाखल रेलवे स्टेशन पर पहुंचे यात्री ट्रेनें देरी से आने के कारण हाड़ कंपाती सर्दी में ट्रेनों की प्रतीक्षा में खासे परेशान दिखाई दिए।

## स्वच्छ भारत मिशन अभियान की उड़ रही धज्जियां



**रतिया।** कचरे की समस्या को दिखाते हुए दुकानदार। फोटो : हरिभूमि

- दुकानदारों ने एसडीएम को शिकायत करने का लिया निर्णय
- टोहाना रोड पर चुंगी के पास बनाए शौचालयों का खस्ता हाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रतिया

शहर के टोहाना रोड पर चुंगी के पास नगर पालिका द्वारा काफी समय पहले बनाए गए शौचालयों की खस्ता हालत के चलते लोगों द्वारा वहां पर कचरा इत्यादि फेंकने के कारण प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन अभियान की धज्जियां उड़ रही है। लोगों द्वारा बार-बार नगर पालिका अधिकारियों को सूचना देने के बाद भी वहां पर सफाई व्यवस्था बहाल नहीं करवाई जा रही जिस कारण स्वास्थ्य दुकानदारों ने इसकी शिकायत एसडीएम से करने का निर्णय लिया है। अग्रवाल वैश्य समाज युवा के जिला प्रधान मोहित गर्ग व अन्य दुकानदारों ने गंदगी की व्यवस्था दिखाते हुए कहा कि टोहाना रोड चुंगी के पास बाईपास को जाने वाली मुख्य गली के नुक्कड़ पर काफी समय पहले नगर पालिका द्वारा सार्वजनिक शौचायलयों का निर्माण किया गया था लेकिन नगर पालिका कर्मचारी द्वारा शौचालय की देखरेख न करने के कारण शौचालय की हालत खस्ता हो गई है और निकासी न होने के कारण सारा दिन शौचालय का गंदा पानी गली के बाहर बहता रहता है। उन्होंने बताया कि इस जगह पर कई कई महीनों से नगर पालिका द्वारा सफाई भी नहीं करवाई जाती जिस कारण कचरा भी काफी दिनों से यही पड़ा हुआ है। दुकानदारों ने बताया कि इसके बारे में वह नगर पालिका कर्मचारियों को कई बार सूचित भी कर चुके हैं लेकिन फिर भी यहां पर व्यवस्था में कोई सुधार नहीं किया जा रहा और ना ही कचरे को उठाया जाता है। प्रधानमंत्री द्वारा चलाए गए स्वच्छ भारत मिशन अभियान की सरेआम धज्जियां उड़ाई जा रही हैं। दुकानदारों ने बताया कि वह सोमवार तक सफाई न होने पर मंगलवार को इस समस्या के समाधान करवाने के लिए एसडीएम को शिकायत करेंगे। जब इस बारे में नगर पालिका के सचिव पंकज जून से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस समस्या की शिकायत अभी तक उनके पास नहीं आई है, अब मामले को संज्ञान में लेकर समस्या का हल करवाया जाएगा।

## दंगा नियंत्रण को लेकर की मॉक ड्रिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** मॉक ड्रिल के दौरान पुलिस कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते एसपी

पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण की मौजूदगी में बरनाला रोड़ स्थित पुलिस लाइन में पुलिस जवानों को आपात स्थिति तथा दंगा नियंत्रण के संबंध में माक ड्रिल करवाई गई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने जवानों को संबोधित करते हुए कहा कि कानून व्यवस्था बनाए रखने के दौरान आमजन के साथ मैत्रीपूर्ण व्यवहार कर उनका सहयोग लिया जाए तथा कानून से खिलवाड़ करने वाले असमाजिक तत्वों के साथ सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति की सुरक्षा तथा कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सवार्ेच प्राथमिकता है, ताकि आमजन अपने आप को सुरक्षित महसूस करें। इस अवसर पर जिला पुलिस लाइन में जवानों को मॉक ड्रिल करवाते समय बताया गया कि आपात स्थित में पूरी सावधानी व सतर्कता बरतें तथा संदिग्ध किस्म के लोगों पर पैनी नजर रखें। अगर कहीं भीड़ उग्र हो जाए तो भीड़ से कैसे निपटना है, इस बारे में महत्वपूर्ण गुर बताए। एसपी ने कहा कि यदि भीड़ ज्यादा उग्र या अनियंत्रित हो जाए तो अधिकारियों व जवानों को मनोवैज्ञानिक तरीके से भीड़ को नियंत्रित करने का प्रयास करना चाहिए।

## डेरा के लिए मंजूर किए गए मोघे का विरोध

- दर्जनों गांवों के ग्रामीणों ने संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में धरना शुरू कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा



**सिरसा।** मेजर नहर से डेरा के लिए मंजूर किए गए मोघे का धरना देकर विरोध जताते विभिन्न गांवों के किसान। फोटो : हरिभूमि

सिरसा मेजर नहर से पब्लिक हेल्थ विभाग की ओर से पास किए गए मोघे के विरोध में दर्जनों गांवों के ग्रामीणों द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में धरना शुरू कर दिया। इस मोघे के कारण गांव बाजेकां, फूलकां, अलीमोहम्मद, नेजिया, चाडीवाल, बेगू, सिकंदरपुर, वैदवाला, कंगनपुर, खाजाखेड़ा व रंगड़ी सहित दर्जनों गांव प्रभावित होंगे। बाजेकां से प्रधान गुरादिता, भजनलाल, दलीप, बाजेकां से लेखराज, वरयामचंद, पप्पूराम, प्रकाश भुकर, रमेश, फूलकां से जगतपाल, मदनलाल, संदीप कुलड़िया, साधु, मनदीप, माडूराम, रामकिशन फौजी वैदवाला, जयमल सिकंदरपुर, लक्ष्मण बाजेकां, पृथ्वी डेलू अलीमोहम्मद ने बताया कि पब्लिक हेल्थ विभाग की ओर से सिरसा मेजर नहर से डेरा सच्चा सौदा के लिए मोघा डालने की अनुमति दी गई है, जोकि कतई उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि एक तो पहले ही नहर में पानी की सप्लाई कम आती है और इतने गांवों में पेयजल की आपूर्ति बमुश्किल से हो रही है। अगर डेरा सच्चा सौदा को इसका पानी दिया गया तो इन गांवों में पानी का संकट खड़ा हो जाएगा। ग्रामीणों ने कहा कि डेरे के पास तो और भी बहुत सारे विकल्प हैं लेकिन ग्रामीणों के पास इस नहरी पानी के अलावा और कोई विकल्प नहीं है। ग्रामीणों ने मांग की है कि इस मोघे को तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाए। ग्रामीणों ने साथ ही चेतावनी भी दी कि अगर मोघे को रद नहीं किया तो ग्रामीणों को बड़े आंदोलन के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

## घर-घर जाकर वितरित किए पूजित अक्षत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

श्री अयोध्या धाम में श्रीराम जन्मभूमि पर बने भव्य मंदिर में 22 जनवरी को होने वाली रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर रामभक्तों में जबरदस्त उत्साह नजर आ रहा है। रामभक्तों की टोलियों शहरों के साथ-साथ गांवों में भी घर-घर जाकर पूजित अक्षत वितरण कर लोगों को कार्यक्रम का निमंत्रण दे रही हैं। इसी कड़ी में गांव मानावाली के जूना अखाड़ा के महंत श्री राजेश गिरी जी महाराज के पावन सानिध्य में गांव मानावाली के सरपंच प्रतिनिधि राम सिंह मंडेला के नेतृत्व में रामभक्तों द्वारा गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों को पूजित अक्षत वितरित किए गए और कार्यक्रम का निमंत्रण दिया गया। इस दौरान ग्रामीणों को भव्य श्रीराम मंदिर की फोटो और 5 दीये भी वितरित किए गए और ग्रामीणों से 22 जनवरी को दीपावली मनाते हुए अपने घरों को इन दीयों से जगमग करने का आह्वान किया गया। इस दौरान जय श्रीराम के जयघोषणों से गांव गुंजायमान हो उठा। सरपंच प्रतिनिधि राम सिंह मंडेला ने कहा कि सैंकड़ों वषार्ें के इंतजार के बाद यह पवित्र अवसर आया है। ऐसे में इस उत्सव को अपने घरों में दीपोत्सव की तरह मनाएं। उन्होंने बताया कि रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण प्रत्येक परिवार तक पहुंचाया जा रहा है। 22 जनवरी के कार्यक्रम को लेकर गांव में भी तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और सभी ग्रामवासी इस पवित्र कार्यक्रम के साक्षी बनेंगे।



**फतेहाबाद।** गांव मानावाली में पूजित अक्षत वितरित करते रामभक्त। फोटो : हरिभूमि

## पत्नी ने कहा-हमें मारने के लिए घर में लगाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** गांव एमपी रोही में आग लगने से जला सामान। फोटो : हरिभूमि

गांव मोहम्मदपुर रोही में एक मकान में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई। जिस मकान में आग लगी, वहां एक विवाहिता अपने पति से अलग बच्चों के साथ रह रही थी। आगजनी में घर का काफी सामान जलकर राख हो गया। जिस महिला के घर आग लगी, उस महिला ने पुलिस को शिकायत देकर आरोप लगाया है कि उसके पति व ससुरालजनों ने उसे व उसके बच्चों की मारने की नीयत से उसके घर में आग लगा दी। वह सभी उस समय घर से बाहर गए हुए थे। शिकायत के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। गांव मोहम्मदपुर रोही निवासी रेखा ने बताया कि उसका विवाह गांव के संदीप के साथ करनाल के वीरबढ़वाला गांव में हुआ था। उसके दो बेटियां व एक बेटा है। उसका आरोप है कि शादी के बाद उसे दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था। उससे मारपीट की जा रही थी। उसने बताया कि उसका पति, सास, जेठानी व जेठानी के लड़के उसको प्रताड़ित करते हैं। उसका पति दिल्ली में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता है और वहीं रहता है।

### सिटी वेलफेयर क्लब के तत्वावधान में लोहड़ी बेटियों के नाम कार्यक्रम

# 300 बेटियों ने धूमधाम से मनाई पहली लोहड़ी

- पोस्ट ऑफिस में आने वाली पहली पांच बच्चियों का नि:शुल्क खाता खोला जाएगा
- 30 आशा वर्कर व आंगनबाड़ी वर्करों को भी सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद



**फतेहाबाद।** लोहड़ी बेटियों के नाम कार्यक्रम में उपस्थित अतिथिगण। फोटो : हरिभूमि

सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा हर साल की तरह इस साल भी लोहड़ी बेटियों के नाम कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें 300 बेटियों की पहली लोहड़ी बड़ी धूमधाम के साथ मनाई गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि हरियाणा कला परिषद हिसार मंडल के अतिरिक्त निदेशक महावीर गुड्डू थे वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर अरोड़वंश महासभा के प्रधान मोहरी राम ग्रोवर, डॉ. गुलशन सेठी, नरेश सचदेवा, हजारीलाल नरूला, साहिब दयाल वधवा, राखी मक्कड़, जगदीश मोंगा, भारत भूषण मेहता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष विनोद अरोड़ा व सरबत दा भला अध्यक्ष रसप्रीत सिंह ग्रोवर ने की। कुशल मंच संचालन रवि राज ग्रोवर ने शायरी, चुटकलों व गीतों के साथ किया।

इस अवसर पर पोस्ट मास्टर नरेश कुमार ने भी सुकन्या समृद्धि योजना के तहत बच्चियों के खाते भी खोले गए और उन्होंने घोषणा की कि सोमवार को पोस्ट ऑफिस में आने वाली पहली पांच बच्चियों का निःशुल्क उनकी तरफ से खाता खोला जाएगा। इस अवसर पर संस्था द्वारा छोटी बच्चियों की लोहड़ी मनाई गई व उन्हें बेबी ब्लांकेट, खिलौने व विभिन्न तरह के उपहार भी दिए गए। प्रत्येक अभिभावक को प्रशस्ति पत्र दिया गया जिसे आगामी 1 वर्ष तक किसी भी प्राइवेट डॉक्टर के अस्पताल में दिखाने पर उन्हें परामर्श शुल्क में एक वर्ष तक विशेष छूट प्रदान की जाएगी और स्कूलों में भी प्रथम दाखिले में भी छूट मिलेगी। इस अवसर पर सुविधा हॉस्पिटल की महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. रमनदीप कौर की टीम द्वारा बच्चों व महिलाओं के जांच की गई।

बच्चियों को जागरूक करने के लिए 30 आशा वर्कर व आंगनबाड़ी वर्करों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर 50 प्रतिभाशाली बच्चों ने भी बेहतरीन सांस्कृतिक कार्यक्रम कर सभी को अपने दांतों तले उंगलियां दबाने में मजबूर कर दिया। अभिभावकों ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए बच्चों के साथ सेल्फी लेते व झूमते नजर आए।

## श्रेष्ठ बैंकिंग सेवाओं के लिए यूको बैंक कटिबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

यूको बैंक की स्थानीय शाखा में बैंक का 82वां स्थापना दिवस हषार्ेल्लास से मनाया गया। इस मौके पर बैंक स्टाफ और ग्राहकों ने मिलकर केक काटा। बैंक द्वारा इस मौके पर ग्राहकों के के लिए करंट अकाउंट धारकों के लिए बिजनेस प्लस व यूको बिजनेस स्कीम्स लॉन्च की गई। बैंक प्रबंधक पारकर विमल ने उपस्थित ग्राहकों का स्वागत करते हुए कहा कि बैंक अपने ग्राहकों को सर्वश्रेष्ठ सेवाएं देने के लिए कटिबद्ध है। उन्होंने बताया कि कर्मचारियों का खाता जीरो बैलेंस पर खोला जाता है। साथ ही उन्हें 20 लाख रुपये का जीवन बीमा निःशुल्क मुहैया करवाया जाता है। सामाजिक व धार्मिक ट्रस्ट के लिए दान संग्रह मोड्यूल व स्कूल्स के लिए फीस कलेक्शन मोड्यूल निःशुल्क बनाया जाता है।



**फतेहाबाद।** यूको बैंक की शाखा में बैंक का 82वां स्थापना दिवस मनाते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि


छिपकली एक ऐसा जीव है, जिसका दिल एक मिनट में 1000 से ज्यादा बाद धड़कता है।


मच्छर पुरुषों की तुलना में महिलाओं को अधिक काटते हैं, क्योंकि उनकी त्वचा नरम होती है।



# छात्र पढ़ाई के साथ-साथ बिना निवेश के कमा सकते हैं पैसा



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

आज के समय में हर कोई यही चाहता है कि उसके पास एक्स्ट्रा इनकम हो। स्टूडेंट लाइफ में बिना निवेश के भी पैसे कमाए जा सकते हैं। बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो अपने पेरेंटस के ऊपर निर्भर नहीं रहना चाहते हैं। वह सोचते हैं कि 12वीं की पढ़ाई के बाद अपने खर्च खुद उठाएं। इसके लिए वह ऑनलाइन पैसे कमाने के तरीके ढूंढते हैं। अगर आप भी उन स्टूडेंट में से एक है तो आज हम आपके लिए कुछ ऐसे ही ऑनलाइन बिजनेस तरीके लेकर आए हैं जिसके जरिए आप घर बैठे ही पैसे कमा सकते हैं। वह भी बिना निवेश किये। ऐसे कई तरीके है जिससे आसानी से पैसा कमाया जा सकता है।

## ट्यूशन क्लासेज

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे होते हैं जो ऑनलाइन ट्यूशन भी लेते हैं। ऐसे में अगर आप घर बैठे चाहे तो ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं या फिर ऑफलाइन भी ट्यूशन क्लासेस शुरू कर सकते हैं। उसमें आपको केवल दो से तीन घंटे इन्वेस्ट करने होंगे और आप बच्चों को ट्यूशन पढ़ा सकते हैं। अगर आप छोटे बच्चों को ट्यूशन पढ़ाते हैं तो आपको अच्छे पैसे भी मिल जाते हैं। ट्यूशन शुरू करने के बहुत सारे फायदे भी होते हैं जैसे कि आपकी खुद की पढ़ाई भी होती रहती है। अगर आप बच्चों को पढ़ाते हैं तो आपको भी कुछ नया सीखने को मिल जाता है और आपके ज्ञान में बढ़ोतरी होती है।



### शेयर मार्केट में निवेश

अगर आप टेक्निकल एनालिसिस और फंडामेंटल एनालिसिस कोर्स की तैयारी कर रहे हैं तो यह आपको शेयर मार्केट में इन्वेस्ट करने में काफी अच्छी मदद कर सकता है। वैसे तो स्टूडेंट के पास लिमिटेड पॉकेट मनी होती है इसमें आप कुछ पैसे इन्वेस्ट कर सकते हैं। अगर आप शुरू शुरू में अच्छी तरह से इन्वेस्ट करना सीख जाते हैं और आपको प्रॉफिट होने लगता है तो आप बड़े शेयर भी खरीद सकते हैं और बड़ा मुनाफा पा सकते हैं।

## ऑनलाइन ट्यूटर

अगर आपके पास खुद की काबिलियत है जैसे की फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, सिंगिंग, फोटोग्राफी किसी भी चीज का शौक रखते हैं और उसमें काफी अच्छी कला है तो लोगों को सिखा सकते हैं। तो उसे ऑनलाइन ट्यूटर के द्वारा अन्य लोगों को भी सिखाया जा सकता है। इससे आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं।

### फ्रीलांसिंग

जब अपनी स्किल से कोई काम करते हैं तो उसे फ्रीलांसिंग कहा जाता है इसके बदले आपको पैसे भी मिलते हैं। फ्रीलांसिंग का मतलब यही होता है कि अपनी स्किल को बेचना और पैसे कमाना। अगर आपके पास कोई भी अच्छी स्किल या काबिलियत है तो आप उसे फ्रीलांसिंग करके बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। इसका मतलब होता है फोटो एडिटिंग, वीडियो एडिटिंग, घोस्ट राइटिंग, डाटा एंट्री, कंटेंट राइटिंग, लोगो मेकर इत्यादि काम करके आप पैसे कमा सकते हैं।

### टेलीग्राम एप से कमाए पैसे

आज के समय में बहुत सारी एप ऐसी है जिनके जरिए आप ऑनलाइन पैसे कमा सकते हैं। टेलीग्राम एप एक शेयरिंग एप है। जहां पर हजारों लोगों का ग्रुप बना सकते हैं और उसे ग्रुप में आप टैक्स वीडियो मूवी लिंक ऑडियो डॉक्यूमेंट कुछ भी शेयर कर सकते हैं। इस शेयर करने के जरिए आप बहुत सारे पैसे कमा सकते हैं। अगर आप टेलीग्राम पर हजारों लोगों को एक बार ग्रुप में ऐड कर लेते हैं और उन्हें कुछ ना कुछ शेयर करते हैं तो इसके जरिए पैसे कमाए जा सकते हैं।

## इन तरीकों से कमाए जा सकते हैं पैसे

### एफिलिएट मार्केटिंग

ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए एफिलिएट मार्केटिंग बहुत ही बड़ा प्लेटफार्म है। एफिलिएट मार्केटिंग में आपको केवल किसी कंपनी या प्रोडक्ट या सेवा को आगे प्रमोट करना होता है या सेल करके कमीशन पाना होता है। इसके लिए मार्केटिंग बिल्कुल फ्री में शुरू की जा सकती है और बहुत ही जल्द पैसे कमाए जा सकते हैं। एफिलिएट मार्केटिंग के लिए आपके पास लोगों का ग्रुप होना चाहिए जिन्हें आप प्रोडक्ट शेयर कर सकते हैं। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा सकता है। इसी के साथ आप एप ब्लॉग या ऑनलाइन विज्ञापन के द्वारा भी अपने प्रोडक्ट को सेल कर सकते हैं।

### ब्लॉगिंग करके पैसे कमाए

आज के समय में बहुत सारे स्टूडेंट ऐसे हैं जो ब्लॉगिंग करके पैसे कमा रहे हैं। ब्लॉगिंग का मतलब होता है ब्लॉग लिखना। ब्लॉग मतलब आर्टिकल जिन्हें आप ऑनलाइन अपलोड कर सकते हैं। ब्लॉग को आप वेबसाइट भी समझ सकते हैं। जहां से हम सभी प्रकार की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। अगर आप भी ब्लॉग लिखना शुरू करना चाहते हैं तो इसके लिए सोशल मीडिया पर आजकल बहुत सारे ग्रुप मिल जाते हैं आप वहां से क्लाइंट ढूंढ सकते हैं और ब्लॉगिंग शुरू कर सकते हैं या अधिक जानकारी आप यूट्यूब से भी ले सकते हैं।

### यूट्यूब से पैसे कमाए

आज के समय में ऑनलाइन पैसे कमाने के लिए यूट्यूब सबसे बड़ा प्लेटफार्म है। अगर आप भी सोच रहे हैं कि आप स्टूडेंट और पैसे कैसे कमाए तो यह आपके लिए बेस्ट ऑप्शन है। इसमें आप यूट्यूब चैनल शुरू करके अपनी स्किल और जानकारी के आधार पर वीडियो अपलोड कर सकते हैं। यूट्यूब से बहुत सारे पैसे कमाए जा सकते हैं लेकिन इसके लिए आपको 1000 सब्सक्राइबर 4000 घंटे का वॉच टाइम भी चाहिए होता है।

### रेफर एंड अर्न

आप रेफर एंड अर्न प्रोग्राम के जरिए अच्छे खासे पैसे कमा सकते हैं। आजकल बहुत सारी एप भी ऐसी आती है जिनके जरिए आप अपने दोस्तों को रेफर करके पैसे कमा सकते हैं।

### अमेजॉन

स्टूडेंट के लिए अमेजॉन प्लेटफार्म एक बेस्ट ऑप्शन है। यहां पर आप बहुत सारे तरीके से पैसे कमा सकते हैं जैसे कि अमेजॉन ऐप को रेफर करके बहुत सारे कैशबैक कमाए जा सकते हैं।

## यह एक प्रतिष्ठित पद, कड़ी मेहनत से ही मिलती नौकरी

# बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो आरटीओ ऑफिसर बन चमका सकते हैं करियर

जॉब ट्रेंड्स

करियर डेस्क

आरटीओ अफसर एक प्रतिष्ठित पद होता है। इस पद को प्राप्त करने के लिए बहुत कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। सरकारी नौकरी का नाम सुनते ही भविष्य में सुरक्षा नाम का शब्द और भी मजबूती लेकर आता है। अगर आप भी अपना बेहतर भविष्य बनाना चाहते हैं तो इसके लिए आप आरटीओ ऑफिसर बनने के बारे में विचार कर सकते हैं। आज के आर्टिकल में हम आपको इसी बात की जानकारी देने जा रहे हैं कि आरटीओ अफसर क्या होता है। आपने अक्सर ही आरटीओ ऑफिसर के बारे में जरूर सुना होगा। अगर आपके घर में गाड़ी है या किसी के पास लाइसेंस है तो इस बात की जानकारी आपको अवश्य होगी। यह सरकारी विभाग होता है जो भारत सरकार के अंतर्गत ही आता है। यह विभाग मोटर वाहन से जुड़े अधिनियम के पालन देखने को रक्षा के लिए बनाया हुआ है। मोटर वाहन विभाग की स्थापना 1988 की धारा 213 के तहत की गई थी। यह पूरे देश में लागू एक केंद्रीय अधिनियम है। प्रत्येक राज्य और शहर में अपना ही एक आरटीओ कार्यालय होता है जहां पर सब की जिम्मेदारी अलग-अलग होती है।



### आरटीओ की फुल फॉर्म

आरटीओ की फुल फोर्म रिजनल ट्रांसपोर्ट ऑफिसर होता है। जिसका हिंदी में मतलब होता है क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय। आरटीओ ऑफिसर वह ऑफिसर होता है जो इन सभी दफ्तर में एक अधिकारी के तौर पर काम करता है। हर ऑफिस के लिए अलग-अलग आरटीओ ऑफिसर नियुक्त किया जाता है। सरल भाषा में ऑफिसर को इंचार्ज भी कहा जा सकता है।

### आरटीओ के पद की रैंक

आरटीओ ऑफीसर ग्रेड बी का अधिकारी होता है। यह एक उच्च अधिकारी में सम्मिलित होता है जिसे अपने क्षेत्र के वाहन की जांच करने और वाहन से संबंधित सभी प्रकार के डॉक्यूमेंट की जांच करने का अधिकार प्राप्त होता है।

## वाहन जांच करने और चालान काटने का अधिकार



## आरटीओ ऑफीसर के कार्य

अगर आप भी आरटीओ ऑफिसर बनने की चाहत रखते हैं तो इसके लिए आपको इस बात की जानकारी रखना बहुत ही ज्यादा जरूरी है, कि आखिरकार आरटीओ ऑफिसर के क्या-क्या काम होते हैं। तो आइए आपको बताते हैं कि आरटीओ ऑफीसर क्या काम करता है।

**1. ड्राइविंग लाइसेंस :** आपने अक्सर ही ड्राइविंग लाइसेंस के बारे में सुना होगा। जब किसी वाहन को चलाया जाता है तो उसको चलाने के लिए ड्राइविंग लाइसेंस बनवाना बहुत ही ज्यादा जरूरी होता है। यह लाइसेंस आरटीओ डिपार्टमेंट के द्वारा ही मिलता है। ड्राइविंग लाइसेंस प्राप्त करने के लिए कुछ ड्राइविंग के टेस्ट देने भी अनिवार्य होते हैं। जब हम इन टेस्ट में पास हो जाते हैं तभी हमारा लाइसेंस बनता है। यह काम आरटीओ ऑफिस में होता है।

**2. वाहन का रजिस्ट्रेशन :** जब कोई नया वाहन खरीदता है तो उस पर कानूनी आधार पर हक पाने के लिए रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होता है। बिना नंबर प्लेट के कोई भी गाड़ी चलाना गैरकानूनी माना जाता है। यह काम भी आरटीओ डिपार्टमेंट का ही होता है। रजिस्ट्रेशन करवाने के लिए आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ता है।

**3. प्रदूषण का टेस्ट :** आरटीओ टीम के द्वारा गाड़ियों का प्रदूषण लेवल भी टेस्ट किया जाता है, जिस वाहन में ज्यादा प्रदूषण होता है उनका लाइसेंस कैंसल कर दिया जाता है। समय-समय पर प्रदूषण का टेस्ट अनिवार्य होता है।

**4. बीमा :** अगर आप अपने वाहन का इंश्योरेंस करवाना चाहते हैं तो इसके लिए भी आपको आरटीओ डिपार्टमेंट में जाना ही जरूरी होता है। यह काम आरटीओ ऑफीसर के द्वारा ही किया जाता है। अगर आपको अपनी गाड़ी का बीमा करवाना है तो आपको आरटीओ ऑफिस में जाना ही पड़ेगा। यह सभी काम आरटीओ ऑफीसर को करने होते हैं। इसी के साथ आरटीओ ऑफीसर की पोस्ट भी अलग-अलग होती है लिए आपको उन सभी की जानकारी देते हैं।




## कैसे बन सकते हैं आरटीओ ऑफिसर

- गाड़ियों का पंजीकरण भारतीय सरकार के विभाग के द्वारा ही किया जाता है जिसे आरटीओ डिपार्टमेंट कहा जाता है। लेकिन आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए बहुत ही ज्यादा कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। आइए आपको विस्तार में समझाते हैं कि आरटीओ ऑफिसर कैसे बन सकते हैं।
- आरटीओ ऑफीसर के लिए सीधा चयन नहीं होता है। इसके लिए आपको सबसे पहले आरटीओ या आईएमवी के पद पर चयनित होना पड़ता है। इसके कुछ सालों बाद ही आरटीओ के पद पर नियुक्ति होती है।

## आरटीओ बनने के लिए योग्यता

- सबसे पहले उम्मीदवार को 12वी पास होना अनिवार्य होता है।
- अगर आप इसमें और भी अधिक हाई पोस्ट प्राप्त करना चाहते हैं तो इसके लिए आपको सरकारी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से ग्रेजुएशन में पास होना अनिवार्य है।
- इस पद के लिए महिलाएं और पुरुष दोनों ही समान पूर्वक आवेदन कर सकते हैं।
- आरटीओ ऑफिसर बनने के लिए न्यूनतम आयु सीमा 21 साल है और अधिकतम आयु सीमा 30 साल है।
- ओबीसी उम्मीदवार के लिए 3 साल तक की छूट दी जाती है और एससी और एसटी के लिए 5 साल तक की छूट दी जाती है।
- बाकी सभी राज्यों की अलग-अलग आयु सीमा क्वालिफिकेशन अलग-अलग निर्धारित की जाती है।

## लिखित परीक्षा की जानकारी

- आरटीओ की जो लिखित परीक्षा होती है वह 2 घंटे की होती है। इसमें 200 अंक का पेपर जारी किया जाता है और उसी के अनुसार प्रश्न पूछे जाते हैं। इसमें निम्नलिखित सब्जेक्ट से संबंधित प्रश्न किए जाते हैं।
- आर्थिक और सामाजिक विकास
- पर्यावरण और पारिस्थितिकी
- भारत का इतिहास और भूगोल
- राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय वर्तमान घटनाक्रम
- अंग्रेजी भाषा
- सामान्य विज्ञान

## शारीरिक परीक्षण

- लिखित परीक्षा पास करने के बाद फिजिकल टेस्ट होना भी अनिवार्य होता है। इसी के अनुसार नौकरी में पद निर्धारित किया जाता है।
- अगर आप सुरक्षा से संबंधित नौकरी के लिए आवेदन कर रहे हैं तो इसके लिए फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट का मानक अलग-अलग होता है और अगर आप अन्य पद के लिए आवेदन कर रहे हैं तो उसका स्टैंडर्ड भी अलग होता है।
- फिजिकल टेस्ट और मेडिकल टेस्ट के द्वारा उसे विभागीय संस्था के योग्य और अयोग्य ही आपको घोषित किया जाता है और उसी के अनुसार आपको पद भी दिया जाता है। इसीलिए उम्मीदवार को उसमें भी उत्तीर्ण होना अनिवार्य होता है।
- फिजिकल टेस्ट चयन प्रक्रिया लड़की या लड़का माप तोल विभिनता के अनुरूप ही होता है जैसे की लंबाई सीना दौड़ इत्यादि सभी को निर्धारित करते हुए फिजिकल टेस्ट किया जाता है। पुरुष अभ्यार्थी के बजाएं महिला अभ्यर्थी को कुछ चीजों में छूट भी दी जाती है।

# नव वर्ष अपने सपनों और लक्ष्यों को पूरा करने के लिए लें संकल्प



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

नए वर्ष का आगमन हम सभी के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत का समय लाता है। यह एक समय है जब हम सामान्यतः अपने लक्ष्यों, सपनों, और उम्मीदों की ओर बढ़ने के संकल्प लेते हैं। नए साल का स्वागत सकारात्मक ऊर्जा, नए आरंभों, और आत्म-समर्पण की भावना के साथ होता है। छात्रों के लिए नए वर्ष में संकल्प लेना अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह एक नए आरंभ की भावना पैदा करता है और उन्हें नए लक्ष्यों की दिशा में मुख्याधिकारी बनाता है। इस साल के लिए निर्धारित किए जाने वाले संकल्प से ही छात्र अपनी प्रगति को मापते हैं और सफलता की ओर बढ़ते हैं। छात्र नए वर्ष में अपने अध्ययन और व्यक्तिगत जीवन को संगठित और स्वच्छ रखने का आदान-प्रदान बनाए रखना उन्हें अच्छी तरह से समर्थन कर सकता है।

## अध्ययन में नई तकनीकें अपनाने का लें निर्णय

छात्र नए वर्ष में नई अध्ययन तकनीकें अपनाने का निर्णय कर सकते हैं। नए और प्रभावी तकनीकों का समय-समय पर अध्ययन करना उनके अध्ययन में नयापन लाने में मदद कर सकता है। एक स्वस्थ जीवनशैली की दिशा में संकल्प लेना भी महत्वपूर्ण है। यहां तक कि योग, व्यायाम, और स्वस्थ आहार की दिशा में संकल्प बना सकता है, जो छात्र की ताकत बढ़ाने और तनाव को कम करने में सहारा प्रदान कर सकता है। छात्र नए साल में सामाजिक सेवा और सहयोग के प्रति अपना संकल्प बना सकते हैं। यह उन्हें समाज में योगदान करने और अन्यों की मदद करने का अवसर प्रदान कर सकता है।

**संकल्पों का पालन :**

1. नए लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक होते हैं।
2. सामर्थ्य और आत्मविश्वास को बढ़ावा देते हैं।
3. स्थिरता और नियमितता को बनाए रखते हैं।
4. सकारात्मक दृष्टिकोण विकसित करते हैं।

नए वर्ष में संकल्प बनाना और उन्हें पालन करना छात्रों को नई ऊँचाइयों तक पहुँचने में मदद कर सकता है और उन्हें सफलता की राह में मार्गदर्शन कर सकता है। यह समय है नए शैक्षिक और व्यक्तिगत अनुभवों की ओर बढ़ने का, जिससे छात्र अपनी पूर्णता की दिशा में बढ़ सकता है।

**संकल्प और उद्दीपन:** नए वर्ष के आगमन के साथ, हम अपने जीवन में नए संकल्प बनाने का एक अद्वितीय अवसर प्राप्त करते हैं। ये संकल्प हमें नए मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते हैं और एक सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ जीवन की राह में मार्गदर्शन करते हैं। संकल्प नहीं सिर्फ एक वचन होता है, बल्कि यह हमारे मन की गहराइयों से निकलकर हमें कार्रवाई करने के लिए प्रेरित करता है।

**नए उद्दीपन की आवश्यकता:** संकल्पों के साथ, हमें नए उद्दीपन की भी आवश्यकता होती है। यह उद्दीपन हमें उन महत्वपूर्ण मुद्दों की पहचान करने में मदद करता है जो हमें अगले वर्ष में सफलता की दिशा में बढ़ने में मदद कर सकते हैं। यही वह समय है जब हमें अपने उद्दीपन को साझा करना चाहिए ताकि हम एक दूसरे को प्रेरित कर सकें।

## आत्म-समर्पण का महत्व

नए वर्ष में आत्म-समर्पण की भावना बनाए रखना हमारे लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद कर सकता है। यह एक सकारात्मक माहौल बनाए रखने में सहारा प्रदान करता है और हमें प्रतिस्पर्धा और चुनौती के मुकाबले के लिए तैयार बनाता है।

**आत्म-नियंत्रण और सकारात्मक सोच:** नए साल में अपने विचारों को पॉजिटिव और सकारात्मक बनाए रखना भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमें आत्म-नियंत्रण में रहने में मदद करता है और जीवन की हर स्थिति को एक अवसर में बदलने की क्षमता प्रदान करता है। सकारात्मक सोच हमें उत्साही और सहानुभूति बनाए रखने में सहारा करती है। "परीक्षाएं एक छात्र के शैक्षिक सफर का एक अभिन्न हिस्सा हैं, लेकिन जो दबाव उनके साथ आता है, वह अत्यधिक हो सकता है। जब हम नए वर्ष में कदम रखते हैं, यह छात्रों के लिए एक अवसर है अपने परीक्षा तनाव के सामने अपने दृष्टिकोण को पुनरीक्षित करने और एक स्वस्थ मानसिकता को बढ़ावा देने के लिए निर्धारित करने का।"

**परीक्षा दबाव की समझ:** आशाएं, प्रतिस्पर्धा और उत्कृष्टता की इच्छा का बोझ छात्रों के लिए तनाव का एक सही तूफान बना सकता है। असफलता का भय, सामाजिक अपेक्षाएं और शैक्षिक जिम्मेदारियों का भार मानसिक और शारीरिक अच्छा होने पर कुर्बानी दे सकता है।

**स्थिति का संबंध बनाए रखना:** निर्धारण करने से पहले, संकल्पों के यात्रा पर कुछ भी करने से पहले, छात्रों के लिए उनकी वर्तमान स्थिति का मूल्यांकन करना अत्यंत महत्वपूर्ण है। अपनी ताकतें, कमजोरियाँ, और तनाव के मूल कारणों की पहचान करना मौलिक दृष्टिकोण प्रदान कर सकता है। यह स्व-जागरूकता परीक्षा दबाव के साथ निपुण रणनीतियों की नींव रखती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** जीवन बीमा निगम की कौन सी पालिसी विशेषतः बच्चों के हितार्थ नही है।
(ए) जीवन किशोर
(बी) जीवन सुकन्या
(सी) जीवना छाया
(डी) जीवन सुरक्षा

**2.** बीमा वियामक एवं विकास प्राधिकरण का मुख्यालया कहाँ है।
(ए) नई दिल्ली में
(बी) हैदराबाद
(सी) अहमदाबाद
(डी) चेन्नई

**3.** आर.एन.मल्होत्रा समिति ने किस क्षेत्र से सम्बन्धित सुधारों के लिए रिपोर्ट प्रस्तुत की थी।
(ए) बीमार उद्योग
(बी) कर सुधार
(सी) बीमा क्षेत्र
(डी) बैंकिंग क्षेत्र

**4.** भारतीय स्टॉक बाजार का विनियमन और पर्यवेक्षण किसके द्वारा किया जाता है।
(ए) आरबीआई
(बी) यूटीआई
(सी) आईसीआईसीआई बैंक
(डी) सेबी

**5.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड की स्थापना कब की गई थी।
(ए) 1988में
(बी) 1992 में
(सी) 1993में
(डी) 2002 में

**6.** भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड को किस एक अध्यादेश द्वारा वैधानिक दर्जा प्रदान किया गया।
(ए) 1988ई0
(बी) 1990ई0
(सी) 1992ई0
(डी) 1993ई0

**7.** सेबी के कार्यों में सम्मिलित है
(ए) स्टॉक एक्सचेंज के कार्यों की विनियमित करना।
(बी) शेयर बाजार से सम्बन्धित अनुचित एवं धोखाधड़ी से परिपूर्ण व्यापारिक कार्यों पर रोक लगाना
(सी) प्रतिभूतियों के अन्तरंग व्यापार को नियंत्रित करना
(डी) उपर्युक्त में से सभी

उत्तर 1.(डी) 2.(बी) 3.(सी) 4.(डी) 5.(ए) 6.(सी) 7.(डी)

## खबर संक्षेप

### 28 बोतल अवैध शराब सहित दो काबू

**सिरसा।** बडागुढ़ा थाना पुलिस टीम ने दो अलग-अलग मामलों में 28 बोतल अवैध शराब सहित दो व्यक्तियों को काबू किया है। थाना बडागुढ़ा प्रभारी अशोक कुमार ने बताया कि पुलिस की एक टीम गांव बडागुढ़ा में गश्त पर थी। इस दौरान पुलिस टीम ने शक के आधार पर एक व्यक्ति को काबू कर उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से 15 बोतल अवैध शराब बरामद हुई। आरोपी की पहचान प्रेमनाथ निवासी दौलतपुर खेड़ा के रुप में हुई है।

### 24 बोतल अवैध शराब एक गिरफ्तार

**सिरसा।** कालांवाली पुलिस टीम ने गांव देसूमलकाना से एक व्यक्ति को 24 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। थाना कालांवाली प्रभारी रामफल ने बताया कि पकड़े गए युवक की पहचान जगसीर सिंह निवासी देसूमलकाना के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना कालांवाली में आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है।

### रेलवे फाटक के पास नेकी की दीवार शुरू

**सिरसा।** लायंस क्लब सिरसा जागृति द्वारा रेलवे फाटक के समीप नेकी की दीवार शुरू कर दी गई है जहां कोई भी शहरवासी अपने घर का जो सामान जरूरत का न हो, दे सकता है। क्लब के चार्टर प्रधान रामकृष्ण गोयल, क्लब के प्रधान सुनील बत्रा व सचिव संजय गर्ग ने संयुक्त रूप से बताया कि शहरवासी कोई भी सामान जिसमें कपड़े, कंबल, बर्तन, जूते आदि यहां दे सकते हैं। उन्होंने बताया कि ये वस्तुएं सर्दी के मौसम में किसी के लिए बहुत जरूरी हो सकती है। इससे जरूरतमंदों को बहुत लाभ मिल रहा है।

### नशापूर्ति को अपने ही घर में चोरी, केस दर्ज

**सिरसा।** शहर की संजय कॉलोनी क्षेत्र में एक युवक ने नशे की पूर्ति के लिए अपने ही घर से हजारों का सामान चोरी कर डाला। पुलिस को दी शिकायत में युवक की मां बिमला देवी ने बताया कि उसका बेटा लाली, जोकि आवारा किस्म का और नशे का आदी है। उसने बताया कि बीती 6 जनवरी को वह अपनी बेटी के साथ बाहर गई हुई थी। घर की चाबी वह लाली को देकर गई थी।

### माध्यमिक स्कूल में एनएसएस का शिविर

**भट्टूकलां।** खंड शिक्षा अधिकारी जाखल सुभाष चंद्र भाम्भू ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय शेखपुर दड़ौली के प्रांगण में चल रहे एनएसएस शिविर में कहा कि हमें समाज में व्याप्त बुराईयों जैसे दहेज प्रथा, कन्या भ्रूण हत्या, जातिवाद तथा नशे के खिलाफ आवाज उठानी होगी। एनएसएस शिविर की सार्थकता होगी।

### एनएसएस से जुड़ना बेहद उपयोगी : दयानंद

**फतेहाबाद।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बोस्ती में चल रहे एनएसएस शिविर का आज सफलतापूर्वक समापन हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी दयानंद सिहाग ने कहा कि एनएसएस शिविर से जुड़ना छात्रों के लिए बेहद उपयोगी होता है।

## बेखौफ घूम रहे अपराधी, नाकों पर चालान काटने तक ही सिमटी पुलिस

# आम आदमी पार्टी ने आम लोगों के चालान काटने का किया विरोध

टोहाना व जाखल क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले लगभग 15 दिन में क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक चोरी व लूट की घटनाएं हो चुकी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जाखल

राज्य सरकार में कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली के स्वयं के गृह क्षेत्र में पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों के हौसले बुलंद है। इससे टोहाना व जाखल क्षेत्र में चोरी की घटनाएं बढ़ रही हैं। पिछले लगभग 15 दिन में क्षेत्र में आधा दर्जन से अधिक चोरी व लूट की घटनाएं हो चुकी हैं। कैबिनेट मंत्री बबली के आदेशों के बाद अलर्ट मोड़ में आई पुलिस की कड़ी सख्ती के बावजूद अपराधी एक के बाद एक लगातार घटनाओ को अंजाम देने के बाद आसानी से फरार हो जाते है। पिछले एक माह से चोरी की कई बड़ी वारदातें हो चुकी हैं। नगर में अपराधी सरेआम लूट और दुकानों या घर के ताले तोड़कर चोरी की कई घटनाएं देने में सफल हुए हैं लेकिन पुलिस एकाध को छोड़ शेष सभी घटनाओं से पर्दा उठाने में अभी तक नाकाम रही है। आएं दिन हो रही अपराधिक घटनाओं से खौफ के साये में जी रहे लोगों द्वारा पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए जा रहे हैं, वहीं आम आदमी पार्टी द्वारा भी इसे कड़े हाथों लिया गया है। आमजन का आरोप है कि पुलिस रात को गश्त के नाम पर खानापूर्ति कर रही है। यदि वास्तव में पुलिस की सक्रियता बढ़ती है तो नगर में आए दिन वारदातों को अंजाम दे रहे अपराधियों को आसानी से पकड़ा जा सकता है।



**जाखल।** पुलिस द्वारा चालान काटे जाने का विरोध करते आम आदमी पार्टी के नेता।

### आप पार्टी ने की कड़े शब्दों में निंदा

पिछले कुछ दिनों में टोहाना शहर में एक के बाद एक लगातार हो रही चोरी व लूट की घटनाओं को रोकने की बजाए पुलिस कैबिनेट मंत्री के निर्देशानुसार शहर में नाकाबंदी कर आम लोगों के चालान काट रही हैं। आम आदमी पार्टी द्वारा आम लोगों के काटे जा रहे बेवजह चालान की कड़े शब्दों में निंदा की है। इस संबंध में आप पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव सुखविंदर गिल ने रविवार को प्रेस वार्ता में कहा कि पुलिस की हर दिन चालान कार्यवाही से आम लोग परेशान है। उन्होंने कहा कि आप पार्टी लोगों के साथ खड़ी है।

आमजन से की जा रही इस प्रकार की धक्काशाही को वो कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे। उन्होंने आमजन से आह्वान भी किया कि यदि पुलिस द्वारा किसी व्यक्ति का बेवजह चालान किया जाता है तो वो इसकी सूचना उन्हें दें। मौके पर पहुंचकर इसका विरोध करेंगे। उन्होंने कहा कि ऐसे कई मामले सामने आ रहे हैं जिसमें पुलिस द्वारा आम लोगों के नाजायज चालान काटे जा रहे हैं।

### नाके पर पहुंचे आप नेता

आम लोगों के बेवजह काटे जा रहे चालान को लेकर रविवार को आप पार्टी के वरिष्ठ नेता सुखविंदर गिलए जगबीर सिंह जग्गा व अन्य कार्यकर्ता शहर में लगे पुलिस नाके पर पहुंचेंए यहां उन्होंने उपस्थित पुलिसकर्मियों को आमजन के चालान ना काटने की नसीहत दी। उन्होंने कहा कि पुलिस आम लोगों के चालान काटने की जगह अपराधियों की धरपकड़ के लिए ठोस कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि पुलिस शहर में नाकाबंदी करने के अलावा मुख्य मार्ग पर नाकाबंदी कर संदिग्ध लोगों की जांच करने का कार्य करें। उनके पूछे जाने पर नाके पर मौजूद पुलिस कर्मियों ने उन्हें बताया कि पुलिस द्वारा बुलेट के पटाखे बजाने वाले या शरारती तत्वों के ही चालान काटे जा रहे हैं जबकि आमजन को किसी प्रकार से तंग नहीं किया जा रहा है।

### अपराधियों में खौफ पैदा करे पुलिस

आम आदमी पार्टी द्वारा आरोप लगाया गया है कि अपराधियों की धरपकड़ के लिए ठोस कार्यवाही करने की बजाए पुलिस आम लोगों के वाहनों के चालान काटने तक ही सीमित है। आप पार्टी के प्रदेश संयुक्त सचिव सुखविंदर गिल ने पत्रकार वार्ता में कहा कि कैबिनेट मंत्री देवेंद्र बबली द्वारा पुलिस को आम लोगों के चालान काटने के आदेश दिए गए हैं। यहीं कारण हैं कि पुलिस द्वारा शहर में नाकाबंदी कर वाहनों के धड़ाधड़ चालान किए जा रहे हैं। ऐसा देख यूं प्रतीत होता है कि पुलिस आम लोगों के थोक में चालान काटकर अपना लक्ष्य पूरा कर रहीं है। उन्होंने कहा कि ऐसी ही सजगता यदि पुलिस प्रशासन शहर में हो रही चोरी, लूट के प्रति दिखाएं तो अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

## शिविरों में भाग लेने से होता है छात्रों का विकास



**सिरसा।** नुहियांवाली स्कूल में स्वयं सेविकाओं को स्मृति चिहन देते हुए मुख्य अतिथि व अन्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में चल रहे शीतकालीन सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का रविवार को सातवें दिन हषार्ेल्लास के साथ समापन हो गया। इस समापन समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य राजकुमार कसवां ने की। मुख्यातिथि के रूप में गांव की सरपंच सुनीता देवी व विशिष्ट अतिथि के रूप में आंगनवाड़ी वर्कर विद्या देवी ने शिरकत की। सरपंच सुनीता देवी ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ -साथ ऐसे शिविरों में भाग लेने से उनका सवांर्गीण विकास होता है। वो अनुशासन, संस्कार व मिलजुल कर रहने की भावना सीखते हैं। शिविर प्रभारी ने सात दिनों की रिपोर्ट साझी करते हुए बताया कि सात दिनों में स्वयंसेवकों ने श्रमदान के तहत बस स्टैंड, विद्यालय का मुख्य द्वार, मुख्य सड़क, उज्जल वाटिका, स्मार्ट कक्ष, रसोई, अध्ययन कक्ष, बरामदे की सफाई की।

### नशे के खिलाफ चल रहे आंदोलन में भूमिका निभाएं



**रानियां।** नशा समाज का सांझा दुश्मन है, इसलिए सभी लोग नशे के खिलाफ चलाए जा रहे जन आंदोलन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। नशा स्वस्थ समाज के लिए एक गंभीर चुनौती है, और इस चुनौती से निपटने के लिए समाज के प्रत्येक वर्ग को आगे आकर नशे के खिलाफ चलाए जा रहे, जन आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभानी होगी। नशा तस्करों का सामाजिक बहिष्कार होना चाहिए तथा समाज का कोई भी व्यक्ति उनकी पैरवी न करें। यह बात जिला पुलिस अधीक्षक विक्रांत भूषण ने गांव चक्कां में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित युवाओं तथा आमजन को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि जिला पुलिस अपने स्तर पर नशे के खिलाफ लगातार अभियान चलाए हुए हैं परंतु इस अभियान की संपूर्ण सफलता के लिए जन सहयोग अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नशा बेचने वालों की असली जगह जेल में है। इसलिए नशे का कारोबार करने वालों की सूचना निःसंकोच होकर पुलिस को दें।

## कोस्को क्रिकेट में मुकाबले जारी

- हंजीरा ने दी रायपुरिया को शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

ग्रामीण आंचल के युवाओं को खेलों के माध्यम से सशक्त मंच देने व नशे से दूर करने के प्रयासों की कड़ी में जेजेपी की ओर से करवाई जा रही जननायक चौधरी देवीलाल कोस्को क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांचक खेल मुकाबले जारी हैं। युवा जेजेपी प्रेस प्रवक्ता नितिन टांडी ने बताया कि रविवार को गांव माधोसिंघाना में चले खेल मुकाबले के दौरान मुख्यातिथि काशी का बास के सरपंच शंकरलाल थे। इस अवसर पर जेजेपी के जिलाध्यक्ष अशोक वर्मा, जिला कार्यालय प्रभारी हरिसिंह भारी, सुखमंदर सिहाग, सुधीर कूकणा, अनिल कासनिया, अजब ओला, अकबर खान, रणवीर बैनीवाल, अंजनी लढा, सुरजीत ढिल्लों, राममूर्ति ढिल्लों आदि ने भी खिलाड़ियों से मिलकर उन्हें खेलों के प्रति प्रेरित किया। प्रतियोगिता के दौरान रविवार को पहला मैच ऐलनाबाद वार्ड नंबर 13 व शाहपुरिया के बीच हुआ जिसमे वार्ड नंबर 13 ने जीत दर्ज की वहीं दूसरे मैच में हंजीरा की टीम ने रायपुरिया की टीम को हराया। प्रतियोगिता का समापन आगामी 15 को गांव चौटाला में होगा।



**सिरसा।** प्रतियोगिता के विजेता टीम को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

### ग्राहक कल्याण परिषद की टीम सम्मानित

**सिरसा।** नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्निकल टीचर्स ट्रेनिंग व रिसर्च ओडिटोरियम, चंडीगढ़ में भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा रविवार को 77वां फाउंडेशन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पुनीत गोयल डायरेक्टर फूड सिविल सप्लाई एंड कं'यूमर ने शिरकत की। सिरसा हरियाणा से अखिल भारतीय ग्राहक कल्याण परिषद से नेशनल वाइस प्रेसिडेंट गुरभेज सिंह ढिल्लों, महिला वाइस प्रेसिडेंट संतोष राज, हरियाणा की प्रेजीडेंट एडवोकेट सिंपल ग्रोवर को उनके द्वारा किए गए सराहनीय कायार्ें के लिए सम्मानित किया गया। इस मौके पर 110 इंडस्ट्रीज जोकि पिछले तीन वषार्ें से अपने प्रोडक्ट की शुद्धता को कायम रखते आ रहे हैं, उनको भी सम्मानित किया गया।

## विद्यार्थियों को मिला पारितोषिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिरसा

श्रीराम न्यू सतलुज सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण उत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर ग्रुप कैप्टन रविन्द्र चौधरी शामिल हुए। इस अवसर पर बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा, विद्यालय में सुरक्षा, सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा, महिला सुरक्षा, नशों से सुरक्षा, बेटियों की सुरक्षा, बार्डर पर सुरक्षा, देश में सुरक्षा अर्थात बचाव में ही बचाव है। सुरक्षा विषय पर आधारित सांस्कृतिक गतिविधियां प्रस्तुत की गई जिस उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। स्कूल संचालिका शशि सचदेवा ने वार्षिक रिपोर्ट पेश की और आए हुए आए हुए अतिथियों का आभार जताया। विशिष्ट अतिथि डॉ. राजेश चौधरी ने स्कूल प्रबंध की सराहना की। इस मौके पर निदेशक श्याम लाल सचदेवा, उर्वशी गोदारा,साहिल गोदारा, गोकुल,भूप सिंह, सुपिंदर कौर, नरेश कुमार, संतोष मेहता, नीरू शर्मा, सत्यनारायण शास्त्री, संजीव शर्मा व हरबंस सिंह, गोपाल, राजेश कुमार आदि मौजूद रहे।



**सिरसा।** सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

## फतेहाबाद पुलिस ने एक सप्ताह में 57 लोगों को किया गिरफ्तार

- संजू उर्फ झोटा पर था 5 हजार का ईनाम, दावा : चोरी, छीना झपटी के 25 से अधिक मामलों को सुलझाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

एक तरफ जहां लोग जिले में बढ़ती आपराधिक घटनाओं से दहशत में है वहीं जिला पुलिस अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही के दावे कर रही है। पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के निर्देशानुसार पुलिस द्वारा एक सप्ताह में नशा तस्करों, अवैध हथियार रखने वालों, जुआ-सट्टा, चोरी, छीना झपटी व अन्य अपराधिक मामलों में कार्यवाही कर 57 लोगों को गिरफ्तार किया है। सबसे ज्यादा कामयाबी पुलिस को टोहाना क्षेत्र मे मिली है। एसपी आस्था मोदी ने सभी पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए है कि अपराधिक किस्म के लोगों की फतेहाबाद जिला में कोई जगह नही है। पुलिस कर्मचारी नाकाबंदी, गस्त व छापेमारी कर उन्हें गिरफ्तार करें और जेल मे डालने का काम करें।

### लाखों रुपए का नशा बरामद किया

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि एक सप्ताह में पुलिस ने जिला भर में कार्यवाही करते हुए विभिन्न अपराधिक मामलों मे 57 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लाखो रुपए का नशा बरामद किया है। अवैध हथियार रखने वालों पर कार्यवाही करते हुए 5 हजार रुपए का इनामी आरोपी संजु उर्फ झोटा सहित 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के पूछताछ पर इनामी आरोपी संजु उर्फ झोटा ने पांच वारदातों का ओर खुलासा किया था। पुलिस ने अवैध हथियारों मे पकड़े गए आरोपियों को कब्जे से 9 पिस्तोल व 7 कारतूस बरामद किए। भट्टूकलां के ठुईयां गांव के खेतों में जुआ खेलते 10 लोगों को करीब 5 लाख रुपए सहित पकड़ा था। शराब तस्करी में 8 लोगों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 220 बोतल देसी शराब, 15 बोतल नाजायज शराब सहित 30 लीटर लाहन भी किया बरामद किया वही पुलिस ने जिला भर मे चोरी, छीना झपटी व अन्य अपराधिक 25 से अधिक मामलों को सुलझाया, 20 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगे भी पुलिस का यह अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि नशा तस्करों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

### नेजियाखेड़ा में कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सिरसा।** जिला के गांव नेजियाखेड़ा में 5वीं कबड्डी प्रतियोगिता का समस्त ग्रामीणों की ओर से आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ युवा कांग्रेस नेता कर्ण चावला ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के सरपंच सुरजीत कालेरा ने की। कर्ण चावला ने कहा कि खेल मनुष्य को न केवल शारीरिक रूप से बल्कि मानसिक रूप से भी मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में युवा पीढ़ी अपने लक्ष्य से भटककर नशे की ओर अग्रसर हो रही है। युवा पीढ़ी को नशे की गर्त से बाहर निकालने में खेल अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं युवाओं में एक नई ऊर्जा का संचार करती है। चावला ने युवाओं से आह्वान किया कि वे नशे की लत को छोड़कर खेलों की तरफ अधिक ध्यान दें। मौके पर जिला पार्षद राकेश सिंवर, मोहित जैन, राजेश दहिया, पंकज, अशोक कुमार शहीदांवाली, चंद्रमोहन शर्मा, रामसिंह कालेरा, कृष्ण दूण, विनोद कालेरा, सुरेंद्र बुडानिया, राकेश बुडानिया, प्रभुराम बुडानिया, शीशपाल बुडानिया, संजय बंसल, नछतर बुडानिया, विनोद चुघ, नीरज, मुकेश, बबलू राजपूत आदि मौजूद रहे।

## रानियां में एसएस जैन सभा के चेयरमैन बने सुरेन्द्र जैन

- नरेश जैन उपाध्यक्ष व सोमप्रकाश जैन महामंत्री व इंद्रजीत जैन खंचाजी नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रानियां

जैन समाज के लोगों की अहम बैठक रविवार को जैन धर्मशाला में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता एसएस जैन सभा के नवनियुक्त अध्यक्ष बहादर चंद जैन ने की। बैठक में उन्होंने अपनी कार्यकारणी गठित करते हुए। जगरूप लाल जैन व राजकुमार जैन को संरक्षक नियुक्क्त किया। सुरेन्द्र जैन को चैयरमैन, एडवोकेट नरेश जैन को उपाध्यक्ष नियुक्त किया इसके अलावा उन्हें प्रवक्ता का अतिरक्क्त कार्यभार सौंपा, इसके अलावा सोमप्रकाश जैन को पुनः महामंत्री व इन्द्रजीत जैन को खंजाची पद पर नियुक्त किया। वहीं कानूनी सलाहकार के रूप में एडवोकेट अनिल कुमार जैन व सह सचिव पद पर मुकेश जैन घंटी व सह खंजाची के रूप में मोहन लाल जैन को नियुक्त किया गया।

यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष बहादर चंद जैन ने बताया कि कार्ययकारणी में चन्द्र जैन व नेम चंद जैन को सह प्रधान नियुक्त किया और अमृत लाल जैन को कार्यकारणी सदस्य रखा गया। प्रधान ने बताया कि जैन समाज रानियां द्वारा श्रमण संघीय सलाहाकार डा. दिनेश मुनि आदि ठाणे-3 का वर्ष 2024 के लिए चातुर्मास मनाया गया है जिसके लिए आचार्य शिवमुनि महाराज व प्रवर्तक सुभद्र मुनि महाराज को आज्ञा पत्र भेजे गए हैं।

इस अवसर पर सुरेन्द्र मोहन जैन, नरेश जैन, सोमप्रकाश जैन, इन्द्रजीत जैन, मोहन लाल जैन, घंटी जैन, चन्द्र जैन, नेमचंद जैन, रविन्द्र जैन, सुरेन्द्र जैन, दिनेश जैन व विमल जैन उपस्थित थे।

## दो ट्रैक्टर भिड़े, टक्कर के बाद ट्रैक्टर खड़ी गाड़ी पर पलटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद।

- पराली की गांठे ट्राली में भरकर ले जा रहा ट्रैक्टर ब्रेकर पर अनियंत्रित हो गया

जिले के टोहाना खंड के गांव जमालपुर शेखां में शनिवार देर रात एक बड़ा हादसा होने से टल गया। पराली की गांठे ट्राली में भरकर ले जा रहा ट्रैक्टर ब्रेकर पर उछल गया और अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे दूसरे ट्रैक्टर के ऊपर जा चढ़ा। इसके बाद दूसरा ट्रैक्टर साथ खड़ी एक गाड़ी पर पलट गया। गनीगत यह रही कि ट्रैक्टर के दोनों चालक हादसे में बाल-बाल बच गए तो वहीं जिस खड़ी गाड़ी पर ट्रैक्टर पलटा, उस समय उस गाड़ी में भी कोई सवार नहीं था, जिससे जान माल का बड़ा नुकसान होने से टल गया। हालांकि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

मिली जानकारी के अनुसार शनिवार रात को एक ट्रैक्टर चालक टोहाना के गांव रत्ताथेह से पराली की गांठें भरकर कैथल की तरफ जा रहा था, वहीं एक अन्य ट्रैक्टर जमालपुर शेखां पंप से डीजल डलवाकर टोहाना की तरफ आ रहा था। पराली भरकर जा रहा ट्रैक्टर जब जमालपुर शेखां गांव के बस स्टैंड पर पहुचा तो वहां ब्रेकर पर ट्रैक्टर हवा में उछल गया और ऊपर उठ गया। ट्रैक्टर का ऊपर उठा हिस्सा अनियंत्रित होकर सामने से आ रहे दूसरे ट्रैक्टर के ऊपर जा गिरा। इस टक्कर से दूसरा ट्रैक्टर सड़क किनारे खड़ी कार पर जा गिरा। कार चालक उस समय दवा लेने के लिए मेडिकल पर गया ही था कि पीछे से हादसा हो गया। तीनों चालक बच गए।

## टोहाना पुलिस ने चोरी के तीन केस सुलझाए

- चोरीशुदा लैपटॉप, मोबाइल, जीरी व नकदी बरामद

**टोहाना।** थाना शहर टोहाना प्रभारी शादी राम की टीम ने टोहाना शहर में चोरी के 3 मामलों में कार्यवाही करते हुए चोरी के आरोप में 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरीशुदा लैपटॉप, मोबाइल, जीरी व नगदी को बरामद किया है। पकड़े गए तीनों आरोपियों की पहचान जश्नप्रीत, रोहित व संदीप निवासी टोहाना के तौर पर हुई है। पुलिस तीनों आरोपियों को आज कोर्ट में पेश किया। लैपटॉप व मोबाइल चोरी बारे मास्टर कॉलोनी के एक व्यक्ति की शिकायत पर चोरी का केस दर्ज किया था। आरोप था कि जब वह मोबाइल फोन को चार्ज पर लगाकर रात को सो गया। उसी दौरान कोई अज्ञात व्यक्ति घर से मोबाइल व लैपटाप चोरी कर ले गया। इस पर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच के दौरान आरोपी को अम्बेडकर चौक टोहाना के पास से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरीशुदा सामान बरामद कर लिया। दूसरे मामलों में भी पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरीशुदा सामान को बरामद कर लिया है।

### हेलमेट ना पहनने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

## सड़क सुरक्षा को लेकर चलाया अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| फतेहाबाद

सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने और सड़क दुर्घटना में होने वाली जान व माल की हानि को रोकने व सुरक्षित सफर के लिए पुलिस अधीक्षक आस्था मोदी के दिशा निर्देशानुसार फतेहाबाद पुलिस द्वारा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एसपी आस्था मोदी ने बताया कि वाहन चलाते समय हेलमेट ना पहनने वालों तथा यातायात नियमों का पालन न करने वालों के खिलाफ पुलिस सख्ती से निपटेगी। उन्होंने बताया कि निर्धारित गति सीमा से अधिक तेज वाहन चलाने वाले चालकों पर लगाम लगाने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार निगाह रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का उद्देश्य आमजन के लिए सुरक्षित सफर व सड़क दुर्घटनाओं को रोकना है। उन्होंने बताया कि बुलेट से पटाखे बजाकर दहशत फैलाने वालों, ब्लैक फिल्म लगे वाहन व बिना नंबर प्लेट की गाड़ियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। उन्होंने बताया कि फतेहाबाद पुलिस द्वारा इस सप्ताह वाहन चालकों को यातायात नियमों बारे जागरूकता को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिला भर में ट्रेफिक पुलिस गांवों, कस्बों, मोहल्लों, शिक्षण संस्थाओं, टैक्सी स्टैंड व अन्य सार्वजनिक स्थानों पर लोगों को यातायात नियमों बारे जागरूक कर रही है। एसपी ने कहा कि सर्दी के मौसम में धुंध भी काफी बढ़ जाती है ऐसे में दृश्यता भी कम हो जाती है। ज्यादा जरूरी ना हो घर से बाहर नहीं निकलना चाहिए।



एसपी आस्था मोदी

### ओवरटेक करने की गलती ना करें

धुंध के समय बाहर जाते समय गाड़ी की चारों लाइटों जलाकर रखनी चाहिए। ओवरटेक करने की गलती नहीं करनी चाहिए। ज्यादातर देखने में आता है कि धुंध के मौसम में गाड़ी को चलाते समय चालक मोबाइल फोन का प्रयोग करते हैंए ऐसे वाहन चालक सबसे ज्यादा खुद की जिंदगी को संकट में डालते हैं। फतेहाबाद पुलिस ने आमजन से अपील है कि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने व वाहनों को सुचारू रूप से आवागमन के लिए यह जरूरी है कि वे सभी वाहन चालक यातायात नियमों का पालन करे। वाहन चालक अपने वाहन

## खबर संक्षेप

### बरवाला रेलवे स्टेशन की कमेटी का गठन

**बरवाला।** बरवाला रेलवे स्टेशन की कमेटी का गठन कर दिया गया है। इस कमेटी में भाजपा के पांच पदाधिकारियों व कार्यकताअरं को शामिल किया गया है। कमेटी की नवनियुक्त सदस्य आशा चुघ ने बताया कि इस कमेटी में भाजपा मंडल बरवाला प्रधान महेश शर्मा, भाजपा महिला मोर्चा मंडल बरवाला अध्यक्ष आशा चुघ, भाजपा जिला मीडिया सह प्रभारी मनोज रहेजा, एससी मोर्चा जिला सचिव संदीप वाल्मीकि और भाजपा नेता राजबीर वर्मा को शामिल किया गया है। इन नवनियुक्त सदस्यों ने भाजपा हाइकमान का आभार जताते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेवारीपूर्ण पद सौंपा गया हैं वो उस पद की गरिमा को बनाए रखेंगे। बरवाला रेलवे स्टेशन कमेटी के संबंध में किसी प्रकार की शिकायत का मौका नहीं आने दिया जाएगा।

### भ्रष्टाचार मुक्त भारत कार्यक्रम 11 को

**हिसार।** नौजवान भारत सभा की ओर से 11 जनवरी को हिसार के सेक्टर 14 स्थित पंजाबी भवन में पूर्णत भ्रष्टाचार मुक्त भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें समाजसेवी, अध्यापक, कर्मचारी, सेवानिवृत फौजी, नौजवान, किसान व विद्यार्थियों को आने का निमंत्रण दिया गया है। नौजवान भारत सभा के अध्यक्ष संदीप आर्य ने बताया कि यह कार्यक्रम 11 जनवरी को पंजाबी भवन में सुबह 11 बजे शुरू होगा। इसमें वर्तमान में भारत में भ्रष्टाचार की स्थिति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

### लोगों ने ढाबी कलां में मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा

# गांवों के बाद अब शहरों में जाएगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भट्टूकलां

जिला में विकसित भारत संकल्प यात्रा-जनसंवाद कार्यक्रम के तहत रविवार को गांव ढाबी कलां में प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया। ग्रामीणों ने बड़ी उत्सुकता के साथ मुख्यमंत्री के लाइव कार्यक्रम को देखा व सुना। लाइव प्रसारण कार्यक्रम से पहले विधायक दुड़ाराम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत कर विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी स्टॉलों का निरीक्षण किया।



भट्टूकलां। गांव ढाबी कलां में ग्रामीणों को विकसित भारत की शपथ दिलाते विधायक दुड़ाराम व भाजपा नेता राजपाल बैनीवाल। *फोटो : हरिभूमि*

#### संकल्प लिया

इस दौरान विधायक ने उपस्थित ग्रामीणों को हमार संकल्प विकसित भारत की शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम में विधायक ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों, पशुपालकों, किसानों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं तथा मेधावी विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने ढाबी कलां व खुर्द सहित हलका फतेहाबाद के सभी गांवों में किए गए विभिन्न विकास कायारें के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सबका साथ सबका विकास की तर्ज पर पूरे प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में समान रूप से विकास कार्य करवाए जा रहे हैं, जिन पर करोड़ों रुपये की धनराशि खर्च की जा रही है। जनसंवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि जिला के 259 गांवों को विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत कवर किए गए है, जिनमें हजारों नागरिकों को यात्रा के दौरान विभिन्न योजनाओं का लाभ मौके पर प्रदान किया गया है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा जिला के शहरी क्षेत्र में भी आगामी दिनों में आरंभ की जाएगी।

#### ये रहे मौजूद

इस मौके पर एडीसी डॉ. ब्रह्मजीत सिंह रांगी, एसडीएम राजेश कुमार, राजपाल बेनिवाल, अनिल सिहाग, बंसीलाल, ब्रह्मानंद गोयल, बलवंत जाखड़, ब्लॉक समिति चेयरपर्सन ज्योति लूणा, संदीप नेहरा, बलजीत झाझड़ा, सुरेश मल्हान, आशु, सीता राम, रामेश्वर, विष्णु नैन, रोशन साईं, रमेश बेनिवाल, अर्जन राठौड़, जगदीश, संजय इंदौरा, मेहर सिंह लूणा, प्रवीण लूणा, विजय कुमार, रणधीर बेनिवाल, नरेंद्र लूणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, विभिन्न गांवों के पंच-सरपंच तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### ढाबी कलां में विकास पर खर्च किए लाखों रुपये : बैनीवाल

वरिष्ठ भाजपा नेता राजपाल बैनीवाल ने गांव ढाबी कलां में प्रदेश सरकार द्वारा करवाए गए विकास कायारें पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि गांव ढाबी कलां में 17.80 लाख रुपये की राशि से हॉल का रंग रोगन तथा जिम स्थापना का कार्य प्रगति पर है। सात लाख रुपये से आंगनबाड़ी से लेकर साबुदीन वाली गली निर्माण करवाया गया है। 15वां वित्त आयोग के तहत 2 लाख रुपये से गौशाला में बाड़ा निर्माण, 1.25 लाख रुपये से महिला चौपाल में रंग रोगन कार्य, 3 लाख रुपये से सजिंद के घर से लेकर दलबीर धनपत के घर तक गली निर्माण, 1.50 लाख रुपये से प्ले स्कूल में पानी टंकी तथा रंग रोगन का कार्य, 1.25 लाख रुपये से वाटर वर्क्स से लेकर औम प्रकाश की ढाणी तक पीने के पानी की पाइप लाइन तथा राज्य वित्त आयोग के तहत 11 लाख रुपये से हड्डारोडी की चारदीवारी व रंग रोगन व रास्ते का निर्माण तथा 80 हजार रुपये से धर्मपाल के घर से साधुराम जाखड़ के घर तक आईपीबी गली का निर्माण करवाया गया है। गांव ढाबी कलां में 2103 नागरिकों ने अपने आयुष्मान कार्ड बनवाए हैं, जिनमें से 109 नागरिकों ने इस योजना का लाभ उठाया है। पात्र नागरिकों के इलाज पर सरकार द्वारा 22 लाख 98 हजार 262 रुपये की राशि वहन की गई है। गांव में पात्र परिवारों के 882 पीले कार्ड व 78 गुलाबी कार्ड बनाए गए है। उज्ज्वला योजना के तहत 344 परिवारों को गैस कनैक्शन जारी किए गए है।

# रोडवेज नेता सरबत सिंह पूनिया सेवानिवृत्त हुए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फतेहाबाद



फतेहाबाद। सरबत सिंह पूनियां।

- नए बस स्टैण्ड पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया

हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ के महासचिव एवं ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरबत सिंह पूनियां रोडवेज विभाग में अपनी शानदार सेवाओं के बाद अब सेवानिवृत हो गई हैं। उनकी सेवानिवृति पर फतेहाबाद डिपो के नए बस स्टैण्ड पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता फतेहाबाद डिपो प्रधान एवं राज्य वरिष्ठ प्रधान शिवकुमार श्योराण ने की तथा मंच का संचालन प्रदेश महासचिव सुमेर सिवाच तथा प्रदेश उप महासचिव पवन शर्मा ने संयुक्त रूप से किया। सर्वप्रथम सुरेंद्र मलिक एसएसआई ने पगड़ी पहना कर सरबत सिंह पूनियां स्वागत किया। इसके बाद महा प्रबंधक शेर सिंह, लेखा अधिकारी रविंद्र कुमार सहारण, बलजीत शर्मा तथा एसपीओ सुमित कुमार जांगड़ा ने स्मृति चिन्ह व फूल मालाएं पहना कर उकना स्वागत किया । सरबत सिंह पूनिया 1 मई 1985 को रोडवेज में भर्ती हुए तथा 31 दिसंबर 2023 को कर्मशाला में एसएसआई के पद से सेवानिवृत हुए। इनका 38 वर्ष 8 महीने का लंबा सेवाकाल रहा है अखिल भारतीय कर्मचारी महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुभाष लांबा, राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद, मुख्य सलाहकार इन्द्र सिंह बधाना, पूर्व राज्य प्रधान स. जोगिंदर सिंह, राज्य सचिव सुबे सिंह धनाना, सर्व कर्मचारी संघ के राज्य कोषाध्यक्ष सुख दर्शन सिरोहा ने कहा कि सरबत सिंह पूनिया 1986 से लगातार यूनियन में सक्रिय व अग्रणी भूमिका निभाते आ रहे हैं। शुरू से ही हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन संबंधित सर्व कर्मचारी संघ एवं एआईआरटीडब्ल्यूएफ में रहकर कर्मचारियों के हितों की लड़ाई लड़ी है। शुरुआत में डिपो सचिव के पद पर रहकर यूनियन में कार्य किया, इसके बाद अलग-अलग पदों पर रहते हुए यूनियन में कई बार राज्य प्रधान, महासचिव आदि पदों पर रहे। सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा में राज्य वरिष्ठ उपप्रधान व अन्य पदों पर कार्य किया। वर्तमान में ऑल इंडिया रोड ट्रांसपोर्ट वर्कर्स फेडरेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रहकर कर्मचारियों के हितों की लड़ाई लड़ रहे हैं। इन्होंने निजीकरण के खिलाफ, भ्रष्टाचार के खिलाफ, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करवाने के लिए, ठेका प्रथा पर रोक लगाने के लिए, रिक्त पदों पर पक्की भर्ती के लिए तथा रोडवेज विभाग में सरकारी बसों की संख्या बढ़ाने के लिए हमेशा संघर्ष किया है।

## रामलला प्राण प्रतिष्ठा अभियान से जुड़ना हम सबका सौभाग्यः यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ओढां

रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा अभियान के चलते ओढ़ा खंड के संघचालक आत्म राम गेदर व सह संयोजक योगेश जोशी ने अभियान को हर घर तक पहुंचने के लिए खंड के विभिन्न गांवों में बैठकें की व धार्मिक संगठनों के प्रमुख व्यक्तियों से मुलाकात की है। आज रविवार को गांव पिपली व मिठ्ड़ी सहित अनेक



गांवों में पीले चावल व अक्षत पत्र वितरित करने के बाद सह जिला कार्यवाहक इंद्रजीत यादव ने बताया कि 22 जनवरी को श्री राम प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर प्रत्येक गांव में घर घर जाकर अयोध्या से आए पीले चावल व अक्षत पत्र वितरित किए जा रहे हैं। निमंत्रण पत्र पाकर लोग उत्साह से लबालब हो जाते है और हमें अपने साथ अन्य घरों में भी लेकर जाते है। गांव में जो घर रह जाते है उन घरों में स्वयं अक्षत पत्र वितरित करने की जिम्मेवारी उठा रहे है। उन्होंने कहा कि रामलल्ला प्राण प्रतिष्ठा अभियान से जुड़ना हम सबका सौभाग्य है।

## पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाया सर्च अभियान, निकाली जागरूकता रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरसा

शहर थाना प्रभारी प्रदीप कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने शहर की जेजे कॉलोनी क्षेत्र में नशे में संलिप्त तथा अन्य संदिग्ध लोगों के ठिकानों पर छापेमारी कर सर्च अभियान चलाया वहीं महिला इंस्पेक्टर सरबजीत कौर के नेतृत्व में जेजे कॉलोनी में आम जन को नशे के खिलाफ जागरूक करने के




लिए एक जागरूकता रैली भी निकल गई। इस संबंध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर प्रदीप कुमार ने बताया कि मादक पदार्थ अधिनियम तथा विभिन्न आपराधिक मामलों में संलिप्त लोगों के ठिकानों पर दबिश देकर शहर थाना की पुलिस टीमों ने सर्च अभियान चलाया और कई घरों की तलाशी ली गई है। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य नशा तस्करी में संलिप्त तथा अन्य संदिग्ध किस्म के लोगों पर कारगर ढंग से अंकुश लगाना है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे।

